J.C. BOSE UNIVERSITY OF SCIENCE & TECHNOLOGY, YMCA

*(NAAC 'A' GRADE accredited State University*)

SECTOR-6, MATHURA ROAD, FARIDABAD -121006 (HARYANA)

# Beyond the Campus Environment Promotional Activites

As a responsible institution, JCBoseUST carries out various off-campus initiatives for promoting Environmental Awareness. JCBUST has adopted 5 villages under the scheme Unnat Bharat Abhiyan (UBA), namely, Alipur Shikarga, Sahrawak, Tajpur, Tilori Khadar, Rajpur Kalan. Various awareness programs related to Environmental concern are organized in these villages.

In addition to this, Environment promotional campaigns and plantation drives are organized by Vasundhara ECO-CLUB, UBA Cell, NSS Cell of the university to sensitize the students, staff and society people.




Awareness program 'Swachhta Hi Seva' (against Single-use Plastic) Awareness Campaign in adopted villages by UBA Cell on 9th Sept, 2019


**List and glimpse of some activities are given ahead.**

Some activities are listed below:

| S. No. | Name of the activity | Report web-link on the University portal |
|---|---|---|
| 1. | Plantation Drive- Ek Paudha Ek Sankalp- 4 th June – 31st August 2021 | https://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2021-22_Plantation_Drive_-_2021.pdf |
| 2. | Tree plantation drive<br>On 17th to 18th July, 2021 | https://www.jcboseust.ac.in/NSS/assets/uploads/media/Report_on_2_Days_Tree_Plantation_Drive_in_University_Adopted_Villages_17_18_July_2021.pdf |
| 3. | World Environment day<br>On June, 2021 | https://www.jcboseust.ac.in/NSS/assets/uploads/media/Report_on_celebration_of_World_Environmental_Day_June_2021.pdf |
| 4. | World Environment Day 2021- Online competition on Video story-Ecosystem Restoration on 5th June 2021 | https://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2021-22_World_Environment_Day_-_2021.pdf |
| 5. | International Day of Biological Diversity- Online Quiz 22nd May 2021 | https://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2020-21_International_Biodiversity_Day_Quiz_-20211.pdf |
| 6. | International Mother Earth Day Quiz - 22nd April – 23rd April 2021 | http://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2020_21_International_Mother_Earth_Day_Quiz-2021.pdf |
| 7. | Jal Shapath: A pledge taking ceremony<br>On 1st May, 2021 | https://www.jcboseust.ac.in/NSS/assets/uploads/media/Report_on_a_Pledge_Taking_ceremony_on_JAL_SHAPATH_01_May_2021.pdf |
| 8. | One Week for Nation-15th – 22nd August 2020<br>Elocution Competition, Photography competition, Poster Making Competition and Poetry Competition on Nature | http://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2020-21_One_Week_for_Nation_docx.pdf |
| 9. | "World Earth Day"-2020 Theme: "Celebrating Earth Week Amid COVID-19- 22nd April – 3rd May 2020 | http://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2019_20_Celebrating_Earth_Week_Amid_COVID-19_docx.pdf |
| 10. | Online Quiz Competition on "Climate Change and Environmental Health in post COVID-19 World"-21st and 22nd June 2020 | http://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2019_20_Online_Quiz_Competition_docx.pdf |
| 11. | Swacchta hi Sewa<br>On 9th Sep, 2019 | https://www.jcboseust.ac.in/uba/assets/uploads/media/63b77862452f99896ac17fd6b5091e64.pdf |
| 12. | Solar Ambassador Workshop on 2nd October, 2019 | https://www.jcboseust.ac.in/uba/assets/uploads/media/534b28793b137cd023ad6e32f3b2235c.pdf |
| 13. | Swachh Bharat Abhiyan on 27th March, 2019 | https://www.jcboseust.ac.in/NSS/assets/uploads/media/Swach_Bharat_Abhiyan_2019.pdf |
| 14. | Gram Sabha on 14th August, 2018 | https://www.jcboseust.ac.in/uba/assets/uploads/media/ce6b7216fb2cd7fb4e974c5f278149eb.pdf |
| 15. | 'Adopt A Tree' Tree Plantation Campaign-14th Aug-28th August 2018 | http://www.jcboseust.ac.in/evs/assets/uploads/media/EVS_2018_19_Adopt_A_Tree_Campaign_docx.pdf |




Tree Plantation Drive in University Adopted Villages by NSS Cell on 17th July & 18th July 2021




Paudha Mera Dost Selfie Campaign 2019 by Vasundhara ECO-CLUB for staff, students and society






Tulsi Plant Distribution Program by Vasundhara ECO-CLUB on 16th September, 2021, More than 1000 Tulsi plant saplings were distributed to students, staff and society people

वाईएमसीए की ओर से अभियान के तहत लोग पौधों के संरक्षण की लेंगे जिम्मेदारी, देखरेख करने पर संस्थान लोगों का सम्मानित करेगा

## वाईएमसीए लोगों को पौधे गोद देकर स्मार्ट सिटी की फिजा सुधारेगा

**पहल**

फरीदाबाद | शालिनी धस्माना

अगर आप बढ़ते प्रदूषण को लेकर चिंतित हैं तो वाईएमसीए के साथ जुड़कर शहर की फिजा को सुधारने की कवायद में शामिल हो सकते हैं।

दरअसल, प्रदूषण का स्तर कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय 'एडॉप्ट ए ट्री' अभियान शुरू करेगा। इसके तहत संस्थान ना सिर्फ शहरवासियों को पौधे गोद देगा, बल्कि उनकी देखरेख करने वालों को बाकायदा सम्मानित भी करेगा।

**ये है अभियान**

**28** अगस्त तक आप कर सकते हैं पंजीकरण

**29** अगस्त को पौधों को बांटने का काम किया जाएगा

**12** से दो बजे तक परिसर में ले सकते हैं पौधा

**01** हजार पौधे लगाने का रखा है लक्ष्य

**06** महीने बाद किया जाएगा सम्मानित

**इस लिंक पर पंजीकरण**

http://bit.ly/2ANoacE

**वसुंधरा से जुड़कर अभियान का हिस्सा बन सकेंगे**

विश्वविद्यालय में एमएससी पर्यावरण साइंस की सोसायटी वसुंधरा के तहत कुलपति ने एक पौधा गोद लेकर अभियान की शुरुआत की है। शहरवासियों को अभियान से जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर पौधे गोद दिए जाएंगे। अभियान से जुड़ने वालों को पौधों की देखरेख की शपथ लेनी होगी। वसुंधरा सोसायटी में फिलहाल संस्थान ही छात्र हैं। पंजीकरण के बाद आम लोग भी इससे जुड़ सकेंगे।

**एक हजार पौधे लगाने का है लक्ष्य**

अभियान के तहत पहले चरण में एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पंजीकृत लोग अपने घर या आस-पास के इलाके में पौधा रोपेंगे। इसके बाद उसकी देखरेख करनी होगी। छह महीने बाद पौधों की फोटो ट्वीटर, इंस्टाग्राम व फेसबुक के हैशटैग 'एडॉप्टएट्री' के साथ साझा करेंगे। वसुंधरा की टीम जाकर पौधे का निरीक्षण करेगी। जिन लोगों के पौधे विकसित और बेहतर होंगे उनका चयन सम्मान के लिए किया जाएगा।

**पौधों की फोटो साझा करने के लिंक**

इंस्टाग्राम @ymcaenvironmentsociety
ट्वीटर @ymcaenvironmen1
फेसबुक https://bit.ly/2LFgKxb



वाईएमसीए में शनिवार को 'एडॉप्ट ए ट्री' अभियान की शुरुआत की गई।

शहर के लोगों को पौधगिरी अभियान से जोड़ने के लिए एडॉप्ट ए ट्री अभियान शुरू करने का फैसला किया गया है। शहरवासी पौधे लगाएं और साथ ही उनकी देखरेख भी करें यही मकसद है। पौधा लगाने को प्रेरित करने के लिए लोगों को सम्मानित भी करेंगे।

-प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति वाईएमसीए

## तुलसी के पौधे बांटे



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के वसुंधरा इको-क्लब व पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से दो दिवसीय तुलसी पौधा वितरण अभियान का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने तुलसी का पौधा लगाकर किया। मौके पर कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद में तुलसी का विविध उपचार गुणों के लिए हजारों साल से उपयोग किया जाता रहा है। इसमें कई औषधीय गुण होते हैं। इस मौके पर कुलसचिव डॉ एसके गर्ग के साथ सभी विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष व यूनिवर्सिटी के अधिकारी मौजूद थे।

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में 'एक पौध-एक संकल्प' अभियान का शुभारंभ

**प्रकृति व पर्यावरण से करें लगाव, जीवनशैली का हिस्सा बनाये: दिनेश**



*विश्वविद्यालय परिसर में पौधा लगाकर 'एक पौध-एक संकल्प' अभियान का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद,4 जून (ब्यूरो): विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा समाज के लोगों को नियमित रूप से पौधारोपण गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आज 'एक पौध-एक संकल्प' अभियान का शुभारंभ किया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली' है, जिसका उद्देश्य मनुष्य द्वारा पर्यावरण को हुए नुकसान से बचाने के सभी संभव प्रयास करना है।

अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, विभिन्न विभागाध्यक्षों तथा अधिकारियों ने पौधारोपण गतिविधि में भाग लिया और लगाये गये पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के स्वास्थ्य संकट ने हमें प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र और बदलती जैव विविधता के साथ अपने संबंधों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है। हमें सभी को प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। वसुंधरा इको-क्लब के सदस्यों तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग के संकाय द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रकृति और पर्यावरण के साथ जुड़ाव एवं लगाव की भावना पैदा करने के लिए ऐसी गतिविधियों के नियमित रूप से आयोजन की आवश्यकता होती है ताकि वे जीवन शैली को पर्यावरण के अनुरूप बना सकें। कुलपति ने कहा कि पौधारोपण से अधिक महत्वपूर्ण पौधे की उचित देखभाल है। इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में समय-समय पर लगाए जाने वाले पौधों का सही तरीके से ध्यान रखा जाना चाहिए। पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जन्मदिन, वर्षगाँठ या त्यौहारों जैसे किसी विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना तथा उसकी देखभाल एवं पोषण करने का संकल्प लेने का आग्रह करना है।



‘Student Solar Ambassador Workshop’ organized on 2nd Oct 2019 by UBA Cell to train the students from various schools of adopted villages for assembling Solar Study lamps

**Punjab Kesari (10.02.2016)**

# वाईएमसीए ने गांव में चलाया स्वच्छता अभियान



वाईएमसीए विश्वविद्यालय के एनएसएस विंग के विद्यार्थी कुलपति डा. दिनेश कुमार के साथ। (छाया : सुरेश बंसल)

**बल्लभगढ़,(सुरेश बंसल):** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय गांव सहरावक में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया, जहां विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश लेकर जागरूकता रैली भी निकाली। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एस के अग्रवाल की देखरेख में आयोजित एक दिवसीय स्वच्छता शिविर में लगभग 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एनएसएस अधिकारी डा. प्रदीप डिमरी, डा. सोनिया बंसल तथा डॉ. भास्कर नागर ने शिविर एवं जागरूकता रैली का संचालन किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं एवं बच्चों को साफ-सफाई तथा स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर किसी प्रकार से स्वच्छता को दिनचर्या व आदत का हिस्सा बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आदर्श माता-पिता कहलाओ', 'बेटी है कुदरत का उपहार, मत करो इसका तिरस्कार' व 'जीने का भी उसे अधिकार, उसे चाहिए बस आपका प्यार' जैसे नारों के साथ गांव में रैली निकाली और लैंगिक समानता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने गांव के राजकीय विद्यालय में स्वच्छता और पढ़ाई के महत्व के बारे पर बच्चों से चर्चा भी की। इस दौरान बच्चों को पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी भी दिखाई गई। शिविर के दौरान विद्यार्थी संयोजक कपिल चावलिया, दिव्या, प्रियंका, साहिल बंसल व अंशुल बंसल ने विद्यार्थियों के दल की अगुवाई की। शिविर से लौटकर विद्यार्थियों ने गांव में किये कार्यों के बारे कुलपति को अवगत करवाया तथा अपने अनुभव साझे किये। कुलपति डा. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वच्छता अभियान मिशन के अंतर्गत पांच गांव नामत: अलीपुर सिकारगाह, सहरावक, तिलोरी खादर, राजपुर तथा तेजपुर कलां को गोद लिया गया है। गांव सहरावक में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय की सामाजिक सरोकार से जुड़ी मुहिम का ही एक हिस्सा है।

**Punjab Kesari-Delhi (10.02.2016)**

# 'स्वच्छता को बनाएं आदत'

## स्वच्छता अभियान में 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश

### ■ अभियान में 50 बच्चों ने की साफ- सफाई



*सफाई अभियान चलाते वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के छात्र।*

फरीदाबाद, 9 फरवरी (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय गांव सहरावक में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश लेकर जागरूकता रैली भी निकाली।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एस के अग्रवाल की देखरेख में आयोजित एक दिवसीय स्वच्छता शिविर में लगभग 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एनएसएस अधिकारी डॉ प्रदीप डिमरी, डा. सोनिया बंसल तथा डा. भास्कर नागर ने शिविर एवं जागरूकता रैली का संचालन किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं एवं बच्चों को साफ-सफाई तथा स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर किसी प्रकार से स्वच्छता को दिनचर्या व आदत का हिस्सा बनाया जा सकता है।

शिविर के दौरान विद्यार्थी संयोजक कपिल चावलिया, दिव्या, प्रियंका, साहिल बंसल व अंशुल बंसल ने विद्यार्थियों के दल की अगुवाई की। शिविर से लौटकर विद्यार्थियों ने गांव में किए कार्यों के बारे कुलपति को अवगत करवाया और अपने अनुभव सांझे किए।

कुलपति डा. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वच्छता अभियान मिशन के के अंतर्गत पांच गांव नामत: अलीपुर सिकारगाह, सहरावक, तिलोरी खादर, राजपुर तथा तेजपुर कलां को गोद लिया गया है।

गांव सहरावक में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय की सामाजिक सरोकार से जुड़ी मुहिम का ही एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता तथा स्वच्छता की भावना को समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में ऐसे अभियान काफी लाभकारी होते हैं।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 20.08.2018**

**AMAR UJALA**

# 'पौधा गोद लेकर रखरखाव की खुद उठाएं जिम्मेदारी'



वाईएमसीए में पौधरोपण करते कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ।

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'अडॉप्ट ए ट्री' अभियान के तहत विश्वविद्यालय कुलपति ने पौधा गोद लेकर उसे अपने आवास में रोपा। विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इस खास मुहिम का आगाज किया। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी को पौधा गोद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुहिम के चलते पौधे का रखरखाव की जिम्मेदारी भी विद्यार्थी खुद उठाएंगे।

कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से ही अभियान की शुरुआत की गई है। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विंग की सोसायटी वसुंधरा इस अभियान को संचालित कर रही है। इस अभियान के तहत 28 अगस्त इच्छुक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कर्ताओं को 28 अगस्त के बाद पौधा दिया जाएगा। पौधरोपण के बाद आजीवन देखभाल की शपथ भी विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी। समय-समय पर विद्यार्थियों को पौधे के रखरखाव करते हुए सेल्फी वसुंधरा की ऑनलाइन साइट पर शेयर करनी होगी। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान स्मार्ट सिटी को वकीनन स्मार्ट बनाने में मदद करेंगे।

## पौधे लगाना, सहेजना हमारा कर्तव्य: नागर

फरीदाबाद। 'पौधे लगाना और वृक्ष बनने तक उन्हें सहेजकर रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। आज एक पौधा लगाकर हम आने वाली पीढ़ी के लिए जीवन की सौगात देने का काम करते हैं।' वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर ने यह बात पौधारोपण अभियान के दौरान कही। भाजपा ने फरीदाबाद सेक्टर-86 की रेजिडेंसी सोसायटी में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। रविवार को आयोजित इस अभियान के दौरान 230 पौधे लगाए गए। भाजपा नेता ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाने से ही हम प्रदूषण रूपी राक्षस से बच सकते हैं। इस अवसर पर दीपक चौधरी, अमित बख्शी, एसपी शर्मा, समीर गोयल, पुनीत इलाहाबादी, कुलदीप चौधरी, सुधीर नागर आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 28.07.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# एनसीआर में भूजल का गिरता स्तर व गुणवत्ता बड़ी समस्या

## हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संगोष्ठी में प्रो. दिनेश कुमार ने कहा

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विश्वविद्यालय औद्योगिक नगरी एवं आसपास के क्षेत्र में भूजल समस्या और उसके समाधान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में गुरुग्राम के पूर्व वन संरक्षक डॉ. आरपी बलवान मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला को वैज्ञानिक निमिष कपूर और पंजाब विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में प्रोफेसर डॉ. नरेश कोचर, हरियाणा कृषि विभाग के पूर्व भूविज्ञानी डॉ. बीएस यादव, द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम की डॉ. अनिता ने संबोधित किया। संगोष्ठी में डीन विद्यार्थी



वाईएमसीए विश्व विद्यालय मे भूजल समस्या एवं उसके समाधान विषय पर आयोजित कार्यशाला मे दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए डॉ. आर.पी. बलवान ● जागरण

कल्याण डॉ. नरेश चौहान भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि फरीदाबाद सहित पूरे एनसीआर क्षेत्र में भूजल का गिरता स्तर और गुणवत्ता एक गंभीर समस्या है। जिस पर व्यापक चिंतन एवं उचित उपाय करने की आवश्यकता है। उन्होंने हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भूजल की समस्या के प्रति जनचेतना लाने के उद्देश्य से कार्यशाला के आयोजन को एक सराहनीय पहल बताया। डॉ. आरपी बलवान ने भूजल संरक्षण को लेकर विभिन्न अधिनियमों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो दशकों में दक्षिण हरियाणा में भूजल के अत्याधिक दोहन से भूजल स्तर में तेजी से गिरावट आई है और इस गिरावट के कारण पानी को लेकर एक चिंताजनक समस्या उत्पन्न हो गई है। इस समस्या से समय रहते नहीं निपटा गया तो स्थिति और विकट हो जाएगी। विज्ञान प्रसार की साइंस फिल्म डिवीजन में वैज्ञानिक निमिष कपूर ने लघुचित्र के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में गिरावट के कारण उत्पन्न स्थिति और समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया।

**DAINIK JAGRAN**

भारतीय तेल निगम के महाप्रबंधक डॉ.इंदू शेखर और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दिया वैकल्पिक उपायों पर जोर

# प्लास्टिक को हराने के लिए लड़नी होगी लड़ाई



वाईएमसीए परिसर में पौधारोपण करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व डॉ. इंदू शेखर शास्त्री।

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2018 के लिए विश्व पर्यावरण दिवस की विषय वस्तु 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' को लेकर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में भारतीय तेल निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक (आरएंडडी) डॉ. इंदू शेखर शास्त्री मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और संचालन डॉ. रेणुका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शास्त्री ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण ने बीते एक दशक में पर्यावरण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य को काफी हानि पहुंचाई है। विगत दस सालों के दौरान जितनी बड़ी मात्रा में प्लास्टिक उत्पन्न हुआ है, इतना पूरी सदी में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक को हराने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। साथ ही इसकी शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीवन शैली में सुधार लाकर करना होगा। उन्होंने प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि घरों से निकलने वाले प्लास्टिक को अन्य कचरे से पृथक किया जाना चाहिए। ताकि इसका सही निस्तारण हो सके।

डॉ. शास्त्री ने जानकारी दी कि भारतीय तेल निगम की नगर निगम फरीदाबाद के साथ मिलकर एक संयंत्र स्थापित करने की योजना है। जिसके माध्यम से शहर से निकलने वाले जैव एवं सूखे कचरे का निस्तारण एवं पुनः उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण जैसी तकनीकों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। प्लास्टिक कचरे को पर्यावरण के लिए अभिशाप बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्लास्टिक को हराने के लिए सबसे प्रत्येक व्यक्ति को दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कार्य करना होगा। सबको प्रत्येक स्तर पर प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने के लिए वैकल्पिक उपाय करने होंगे। उन्होंने पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों को विशेष रूप से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस मुहिम के माध्यम से विद्यार्थी प्लास्टिक कचरे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक बनाएं। उन्होंने कहा कि हमको मिलकर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना होगा।

पर्यावरण विज्ञान विभाग में शोधार्थी मंदीप पुनिया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे उपायों पर कटाक्ष करती हुई कविता सुनाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि और कुलपति ने पौधारोपण भी किया।